Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to construct a dam near river Mahi in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में अपने लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण विषय रखने जा रही हूँ ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के वड़ोदरा जिले के पादरा तहसील के चोकारी गाँव के पास मौजूदा माही नदी से दरिया का खारा पानी खेत-खलिहान में जाने के कारण किसान भाइयों की फसल पूरी तरह नष्ट हो जाती है और साथ ही आसपास के क्षेत्र में जो भी नलकूप या कुएँ हैं, वे भी इसके कारण प्रभावित हो जाते हैं, जिससे पीने का पानी भी खारा हो जाता है और लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है ।

महोदय, इसके कारण वड़ोदरा जिले के पादरा तहसील के 37 गाँव, वड़ोदरा तहसील के 4 गाँव, भरूच जिले के जम्बुसर तहसील के 4 गाँव और आनंद जिले के 32 गाँव, कुल मिलाकर 77 गाँव इससे प्रभावित हो रहे हैं । खेत-खलिहान में खारा पानी जाने के कारण किसान भाइयों की फसल नष्ट हो रही है और उन्हें काफी नुकसान हो रहा है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूँ कि माही नदी के पास बाँध का निर्माण कराने की कृपा करें । इससे कुल तीस हजार हेक्टेयर जमीन और हजारों किसान भाइयों को फायदा मिलेगा । धन्यवाद ।